062 सूरह जुम्मा. का मुख्तसर लफ़्ज़ो मे खुलासा.

नोट.- ये PDF फाइल कोई भाषा या व्याकरण नही हे,
बल्कि दीन-ए-इस्लाम को समझने के लिये हे.

बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहिम.

» यहूदियों का सुलूक, उलमा के फराइज़ और जुम्मा के अहकाम.

• हुज़ूरﷺ की खूबियां और यहूदियों की गलतफहमी

हकीकी बादशाह हर तरह के ऐबों से पाक, जबरदस्त और हिकमत वाले अल्लाह के लिए कायनात की हर चीझ तस्बीह बयान कर रही है. जिसने अनपढों में (उन्हीं में से) एक को नबी बनाकर भेझा है. जो अल्लाह की आयतों की तिलावत फरमाते है, लोगों की जिन्दगियो को संवारते है, और उन्हें किताब और हिकमत की तालीम देते है, आपके तशरीफ लाने से पहले ये लोग खुली हुई गुमराही में मुब्तिला थे. आपकी नबूवत सिर्फ इस ज़माने के लोगों के लिए नहीं है, बल्कि कयामत तक की आने वाली दुनिया भर की कोमों और नस्लों के लिए है, लेकिन तौरात के मान्ने वालों ने सबसे आगे बढकर इस्की दुश्मनी की, और तौरात की तालीम को पीठ के पीछे डाल दिया. यहूदी अल्लाह के लाडले और उस्के चाहिते होने का दावा करते है, आप उन्से कह दें, अगर तुम अपने दावे में इतने ही सच्चे हो, तो मौत की तमन्ना करो, मगर ये कभी भी मौत की तमन्ना नहीं करेंगे, क्युकी ये लोग अपने करतूतों को खूब अच्छी तरह जानते है. और अल्लाह तआला भी इन्को अच्छी तरह जानते है.

• जुम्मा के अहकाम.

ईमान वालो! जब जुम्मा की अज़ान हो, तो फौरन अल्लाह के जिक्र की तरफ दौडो, और खरीद-फरोख्त को छोड दो. और जब जुम्मा की नमाज़ अदा कर चुको तो हलाल रोज़ी की तलाश में निकल जाओ, और अल्लाह को बहुत ज़्यादा याद करते रहा करो. जो लोग जुम्मा की नमाज़ के वकत खेल-कूद और कारोबार वगैरा में मसरूफ हो जाते है, उन्हें याद रखना चाहिए कि जो कुछ अल्लाह के पास है वो खेल कूद और तिजारत से कहीं ज्यादा बेहतर है. और अल्लाह तआला सबसे ज़्यादा बेहतरीन रिज़्क देने वाले है.

खुलासा मज़ामीने कुरान उर्दू किताब. | मौलाना मलिक अब्दुर्रउफ साहब.